# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)

समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे | कक्षा- 8 | पूर्णांक-60

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 1-5)**

**निर्देश** - सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1 रामचरितमानस के रचयिता कौन हैं? 1

(A) तुलसीदास (B) रहीम (C) वाल्मीकि (D) सूरदास

प्र-2 साबरमती-आश्रम कहाँ स्थित है? 1

(A) अहमदाबाद में (B) नागपुर में (C) सूरत में (D) मदुरै में

प्र-3 बिरसा मुण्डा का संबंध निम्नलिखित में से वर्तमान के किस राज्य से था? 1

(A) बिहार (B) झारखंड (C) छत्तीसगढ़ (D) मध्यप्रदेश

प्र-4 मुफ्त की चीजों का मजा लेने के लिए क्या होना पड़ता है? 1

(A) संकोची (B) डरपोक (C) बहादुर (D) नि:संकोची

प्र-5 'हे भगवान' वाक्यांश में कौन-सा विराम चिह्न लगेगा ? 1

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम (C) विस्मयादिबोधक (D) अल्पविराम

**रिक्त स्थान (प्रश्न 6 - 10)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 सुंदरता की.....................में पथ भूल न जाना पथिक कहीं।

प्र-7 इस आसन की आकृति बैठे हुए ..................... जैसी प्रतीत होती है इसलिए इसे शशकासन कहते हैं।

प्र-8 'वीर जननी' का पुरस्कार...........................को मिला।

प्र-9 महर्षि परशुराम का जन्म.......................युग में हुआ था।

प्र-10 'स्वागत' का संधि विच्छेद....................... होगा।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11 - 16)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 शिवाजी ने किसके विरुद्ध तलवार उठाई थी?

प्र-12 'सत्याग्रह' का अर्थ क्या है?

प्र-13 लोकमान्य तिलक ने कौन-सा नारा दिया था?

प्र-14 'सिर साँटे पर रूख रहे तो भी सस्तो जाण' - का अर्थ क्या है?

प्र-15 रेडक्रॉस के सदस्यों को कैसे पहचाना जा सकता है?

प्र-16 जहाँ संतान के प्रति स्नेह का भाव हो वहाँ कौन-सा रस होगा?

2025HND108276 2025HND108276

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 17 - 22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 'काट अंध उर के बंधन स्तर' - का आशय स्पष्ट कीजिए। 3

प्र-18 गांधीजी ने समाजवाद की क्या व्याख्या की? 3

प्र-19 बिरसा मुंडा ने किस उद्देश्य से अपना आंदोलन आरंभ किया था? 3

प्र-20 ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में संसार को प्राचीन भारत की क्या देन है? 3

प्र-21 उपमा अलंकार किसे कहते हैं? 3

प्र-22 अपने मित्र को किसी ऐतिहासिक स्थल की जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 23 - 26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 गिरधर की कुण्डलियाँ लोक व्यवहार में कितनी उपयोगी हैं? 5

प्र-24 'युद्ध में वे विजयी नहीं होते जो खंदक-खाइयों को ताकते झाँकते हैं। विजयमाला पड़ती है उनके गले, जो अपनी संपूर्ण शक्ति को तौलकर छलांग लगाते हैं, खतरों से खेलते हैं।'- इन पंक्तियों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 5

प्र-25 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

नाक शरीर का सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग है। अगर चित लेटकर देखें तो यह बात अपने आप सिद्ध हो जाएगी कि हाथ, पाँव, मुँह, कान, आँख आदि में सबसे ऊँचा स्थान नाक को ही प्राप्त है। यदि आँख आ जाए या चली जाए तो ऐसी स्थिति में काला चश्मा लगाया जा सकता है। कान कटे-फटे जाए तो उसे कनटोपा पहनकर छुपाया जा सकता है। लेकिन अगर कहीं नाक कट जाए तो चेहरा रेगिस्तान की तरह एकदम सपाट अथवा चक्की-सा नजर आएगा।

प्र-1. शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग कौन-सा है?

प्र-2. काला चश्मा कब लगाया जाता है?

प्र-3. कनटोपा पहनकर क्या छिपाया जा सकता है?

प्र-4. शरीर के अंगों में सबसे ऊँचा स्थान किसको प्राप्त है?

प्र-5. चेहरा सपाट रेगिस्तान की तरह कब दिखाई देता है?

प्र-26 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त निबंध लिखिए। 5

1- प्रिय शिक्षक

2- खेलों का महत्व

3- विद्यार्थी और अनुशासन

-----x-----